## न्यूज डायरी



### अमेरिका ने ईरान पर लगाए 4 न्यूक्लियर प्रतिबंधों को 60 और दिन के लिए बढ़ाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम पर अगले 60 दिन तक 4 प्रतिबंधों को जारी रखने का फैसला किया है। इसके साथ ही तेहरान के लिए न्यूक्लियर हथियार बनाना मुश्किल होगा। अमेरिका ने 2018 में ईरान न्यूक्लियर डील रद्द करके प्रतिबंध लगा दिए थे। अब अमेरिका ईरान पर इस बात का भी दबाव बना रहा है कि वह अपनी न्यूक्लियर और मिसाइल संबंधी गतिविधियां बंद कर दे। अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट की प्रवक्ता मोर्गन ओर्टागस ने अपने बयान में बताया है, अमेरिका ईरान के लिए 4 प्रतिबंधों को जारी रखेगा। हम ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को मॉनिटर करेंगे और किसी भी वक्त इन प्रतिबंधों को अजटस्ट कर सकते हैं। जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, ईरान को कभी न्यूक्लियर हथियार बनाने की इजाजत नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा, ये प्रतिबंध ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम पर आधारित हैं, जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### कोरोना से रिकवर हुए प्रिंस चार्ल्स, आइसोलेशन से आए बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि होने के सात दिन बाद अब ब्रिटेन के शाही परिवार के सदस्य प्रिंस चार्ल्स रिकवर हो गए हैं और वह सोमवार को डॉक्टर की सलाह के बाद आइसोलेशन से बाहर आ गए। शाही परिवार के प्रवक्ता ने बताया कि चार्ल्स (71) पिछले सप्ताह राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) में कोरोना वायरस परीक्षण कराने के बाद स्कॉटलैंड में आइसोलेशन में चले गए थे। उनके प्रवक्ता ने कहा, क्लीयरेंस हाउस (राजपरिवार निवास) ने आज (सोमवार को) पुष्टि की कि डॉक्टरों के परामर्श के बाद प्रिंस ऑफ वेल्स अब स्वयं के एकांतवास से बाहर आ गए हैं। प्रिंस चार्ल्स की पत्नी कैमिला (72) उसी समय जांच में कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं पाई गई थीं लेकिन तब से वह भी बालमोरल में अलग रह रही थीं।

### छलका स्पेन के डॉक्टरों का दर्द, घंटों काम के बाद रोज रोते घर लौटते हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** स्पेन। स्पेन में कोरोना वायरस के कारण मरने वालों की संख्या चीन से आगे निकल चुकी है। इसी बीच वहां के मेडिकल स्टाफ और हेल्थकेयर वर्कर्स को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। कोरोना से जंग में छलका स्पेन के डॉक्टरों का दर्द, घंटों काम के बाद रोज रोते घर लौटते हैंस्पेन में कोरोना वायरस से मौतों का आंकड़ा पिछले हफ्ते ही चीन से आगे पहुंच चुका है। इटली के बाद यहां सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। स्पेन के प्रधानमंत्री ने देश में लॉकडाउन को और कड़ा कर दिया है। जो लोग जरूरी सेवाओं से नहीं जुड़े हैं उन्हें अगले दो हफ्ते तक घर में रुकने के लिए कहा गया है। वहीं, डॉक्टर, नर्स और हेल्थकेयर वर्कर्स दिन–रात इस लड़ाई में जुटे हुए हैं। इसका असर कई तरह से उनके जीवन पर भी होने लगा है।

### स्पेन में चीन से ज्यादा इन्फेक्शन, सरकार ने कड़ा किया लॉकडाउन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैड्रिड। यूरोप में इटली के बाद कोरोना वायरस की त्रासदी सबसे ज्यादा झेल रहे स्पेन को लॉकडाउन और भी कड़ा करना पड़ा है। यहां इस जानलेवा वायरस से इन्फेक्ट होने वालों की संख्या चीन से भी आगे निकल गई। ऐसे में सरकार को सोशल डिस्टेंसिंग के कड़े नियम लागू करने पड़ रहे गए। हालांकि, इसके चलते बिजनस पर नकारात्मक असर पड़ा है। सरकार को इकॉनमी को नुकसान पहुंचाने का आरोप झेलना पड़ रहा है लेकिन कुल इन्फेक्शन के मामले में अमेरिका और इटली के पीछे खड़े स्पेन के सामने बड़ी चुनौती खड़ी है। चीन की आबादी की तुलना में बेहद कम जनसंख्या वाले इटली में 87,956 लोग कोरोना वायरस की चपेट में आ गए हैं जबकि चीन में 81,518 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। दूसरे नंबर पर इटली है जहां इन्फेक्टेड लोगों की संख्या एक लाख पार कर 1,01,739 पहुंच गई है।

# तबलीगी जमात ने पूरे एशिया में फैलाया कोरोना वायरस!

**हड़कंप**

## जमात की गलती की सजा मलेशिया, पाकिस्तान, भारत समेत कई देश भुगत रहे

80 देशों के ढाई लाख लोग तबलीगी जमात के आयोजन में हिस्सा लेने पहुंचे थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। करीब 93 साल पहले इस्लाम के प्रचार के लिए भारत के देवबंद में बनाया गया तबलीगी जमात एशिया में कोरोना वायरस के प्रसार का बड़ा सबब बन गया है। दुनिया भर में करीब 15 करोड़ सदस्यों वाले तबलीगी जमात के इज्तिमा से भारत ही नहीं पूरे एशिया में हड़कंप मच गया है। आलम यह है कि इस जमात की गलती की सजा अब मलेशिया, पाकिस्तान समेत एशिया के कई देश भुगत रहे हैं।

दिन 12 मार्च, स्थान पाकिस्तान का लाहौर शहर। कोरोना महासंकट के बीच दुनिया के 80 देशों के ढाई लाख लोग तबलीगी जमात के आयोजन में हिस्सा लेने पहुंचे। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक आयोजन स्थल पर इतनी ज्यादा



भीड़ जुटी कि लोगों को खुले में जमीन पर सोना पड़ा। इस बैठक में 10 हजार मौलाना भी हिस्सा लेने पहुंचे थे। कोरोना संकट को देखते हुए पाकिस्तानी अधिकारियों ने तबलीगी जमात के धर्मगुरुओं से यह बैठक कैंसिल करने की अपील की लेकिन जमात ने उनकी अपील नहीं मानी।

**पाकिस्तान कोरोना के प्रसार का बना बड़ा जरियाः** इसका नतीजा यह हुआ कि तबलीगी जमात की यह बैठक पाकिस्तान में कोरोना वायरस के प्रसार का बहुत बड़ा जरिया बन गई। पाकिस्तान में तबलीगी जमात के 27 सदस्यों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। बताया जा रहा है कि यह संख्या और ज्यादा बढ़ सकती है। माना जा रहा है कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कोरोना के बहुत तेजी से बढ़ते मामलों के पीछे भी यही इज्तिमा जिम्मेदार है। पाकिस्तान में कुल 1836 लोग कोरोना से प्रभावित हैं और 23 लोगों की मौत हो गई है। सबसे ज्यादा प्रभावित पंजाब प्रांत है जहां पर यह तबलीगी इज्तिमा हुआ था। पंजाब में कोरोना के 651 मामले सामने आए हैं।

**मलेशिया में 620 लोग कोरोना पॉजिटिवः** तबलीगी जमात की इसी बैठक में हिस्सा लेने के लिए दो लोग फलस्तीन से लाहौर पहुंचे थे। ये दोनों लोग कोरोना से संक्रमित हो गए। जब ये लोग वापस अपने घर फलस्तीन पहुंचे तो वहां भी कोरोना वायरस पहुंच गया। इस आयोजन में हिस्सा लेने वाले किर्गिस्तान के दो लोग भी अपने देश में कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक मलेशिया में भी इसी तरह की तबलीगी जमात की एक बैठक हुई थी। अब इस आयोजन में हिस्सा लेने वाले 620 लोग कोरोना वायर से संक्रमित हो गए हैं। कोरोना पॉजिटिव पाए गए लोग दक्षिण पूर्व एशिया के 15 देशों के नागरिक हैं।

## मोदी पर तंज, वुहान में लॉकडाउन का समर्थन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देकर देश में लॉकडाउन लगाने की किसी भी संभावना से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि भारत में लॉकडाउन के लिए पीएम मोदी को माफी मांगनी पड़ी है।

उधर, विशेषज्ञों का मानना है कि इमरान खान चाहे कितना भी बच लें लेकिन बिना लॉकडाउन किए पाकिस्तान को कोरोना के कहर से मुक्ति नहीं मिलेगी। पाकिस्तान में कोरोना वायरस से संक्रमण के मामले लगातार तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। पाकिस्तान में कोरोना वायरस से संक्रमण के मामले बढ़कर 1870 पहुंच गए हैं। देश में अब तक 24 लोगों की कोरोना संक्रमण से मौत हो गई है। पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत पंजाब कोरोना संक्रमण में अब सिंध से आगे निकल गया है। पंजाब में कोरोना संक्रमण के 658 और सिंध में 627 मामले सामने आए हैं।

पाक में कोरोना वायरस के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं, वहीं पीएम इमरान खान बार–बार यही कह रहे हैं कि घबराना नहीं है। उन्होंने सोमार को भारत में कोरोना को रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन को लेकर पीएम मोदी पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को अपने फैसले के लिए जनता से माफी मांगनी पड़ी है।



84 साल की हुवांग ने किया 45 खतों में प्यार का इजहार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। कहते हैं सच्चे प्यार की ताकत ही कुछ और होती है। वह अपने प्यार के लिए दुनिया तो क्या मौत से भी लड़ सकता है। चीन के हांगझू शहर में रहने वाले एक उम्रदराज जोड़े ने भी सच्चे प्यार की ऐसी मिसाल कायम की है, जिसे देखकर पत्थर भी पिघल सकता है। 84 साल की हुवांग गोशी के पति मिस्टर सन 55 दिन के लिए अस्पताल में भर्ती थे। इस बीच कोरोना लॉकडाउन हो गया जिसकी वजह दोनों मिल नहीं सकते थे। पति से दूर हुवांग ने उनके लिए 45 लव लेटर लिख डाले। उनके ये लेटर्स अपने–आप में उनके प्यार की गवाही दे रहे हैं।

# अमेरिका में कोरोना से एक दिन में 540 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूयॉर्क। कोरोना वायरस की त्रासदी के आगे सुपरपावर अमेरिका बेहद पस्त नजर आ रहा है। यहां सबसे ज्यादा इन्फेक्शन के मामले तो सामने आ ही चुके हैं, सोमवार को एक दिन में 540 लोगों की मौत हो गई जो यहां अब तक की सबसे ज्यादा संख्या रही। इस बीच सबसे बुरे हालात से गुजर रहे न्यूयॉर्क में नेवी का 1000 बेड वाला शिप भी पहुंच गया जिसका गवर्नर ऐंड्रू काओमो ने स्वागत किया। अमेरिका में अब तक कोरोना के कारण मरने वालों की संख्या 3,170 पर पहुंच चुकी है।

**शिप का स्वागतः** न्यूयॉर्क और

### न्यूयॉर्क में पहुंचा नेवी का खास शिप, सुविधाओं से लैस

न्यू जर्सी में लोगों ने हडसन नदी के किनारे खड़े होकर यूएस नेवी के शिप कंफर्ट को स्वागत किया। यह एक कन्वर्टेड ऑइल टैंकर है जिसे सफेद रंग से पेंट किया गया है और बड़ा सा लाल रंग का क्रॉस बनाया गया है। इसके साथ ही कई सपॉर्ट शिप्स और हेलिकॉप्टर भी आए हैं। न्यूयॉर्क सिटी के मेयर बिल डि ब्लासियो ने इस माहौल को जंग जैसे हालात बताया है।

गवर्नर ऐंड्रू काओमो ने इस शिप का स्वागत करते हुए ट्वीट किया है। उन्होंने बताया है कि इस शिप में 1000 बेड, 1200 मेडिकल स्टाफ, 12 ऑपरेशन थिअटर, लैब, फार्मेसी है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि हर संभव प्रयास किया जाएगा जिससे हर जिंदगी को बचाया जा सके। इससे पहले ऐंड्रू ने बताया था कि कैसे सरकार ने 30,000 वेंटिलेटर्स की जगह सिर्फ 4,000 बेड्स भेजने की बात मानी है और बिना संसाधनों को लोगों को बचाने की लड़ाई चल रही है। अमेरिका में दुनिया में सबसे ज्यादा इन्फेक्शन हो चुके हैं। अब तक कुल संक्रमित लोगों की संख्या 164,266 पहुंच चुकी है। सोमवार को 540 लोगों की मौत के साथ ही अब तक 3,170 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना के कहर को देखते हुए अमेरिका के कई राज्यों ने आपातकाल घोषित कर दिया है।

### इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को कोरोना नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का नोवेल कोरोना वायरस टेस्ट निगेटिव आया है। इससे पहले सोमवार को खबरें आई थीं कि नेतन्याहू भी कोविड– 19 पॉजिटिव पाए गए हैं। हालांकि इजरायली पीएम अगले 14 दिन सेल्फ क्वॉरेंटाइन में ही बिताएंगे। इससे पहले नेतन्याहू की एक अडवाइजर और उनके पति में इस वायरस की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद एहतियात के तौर पर नेतन्याहू को भी हेल्थ प्रॉटोकॉल के तहत आइसोलेशन में जाना पड़ा। प्रधानमंत्री के प्रवक्ता ने बताया कि पीएम के अलावा उनके परिजनों और उनके संपर्क में आए अन्य अडवाइजरों का भी कोविड– 19 टेस्ट किया गया था सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है।

टाइम्स ऑफ इजरायल ने खबर दी थी कि पीएम नेतन्याहू ने देश की जनता को आइसोलेशन में जाने के बाद टीवी पर संबोधित किया था। तब तक उनके टेस्ट की रिपोर्ट नहीं आई थी। नेतन्याहू ने अपने संबोधन में कहा कि वह स्वैच्छिक रूप से क्वॉरेंटाइन में जा रहे हैं ताकि वह इजरायल के लोगों के लिए एक उदाहरण पेश कर सकें।